**Need to confer Padma Award on Baba Jhumdev, social reformer of Maharashtra.-laid**

श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे **(रामटेक) :** मैं सरकार से यह मांग करता हूँ कि बाबा झुमदेव जी को मरणोपरांत "पद्म भूषण" सम्मान से सम्मानित किया जाए । बाबा झुमदेव जी ने महाराष्ट्र, विशेषकर विदर्भ और नागपुर क्षेत्र में सामाजिक सुधार का व्यापक कार्य किया । उन्होंने झुमदेव धर्म मिशन की स्थापना कर नशामुक्ति, मांसाहार-त्याग, छुआछूत-उन्मूलन, स्त्री-सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता के लिए आजीवन संघर्ष किया । विदर्भ के सैकड़ों गाँवों में उन्होंने व्यसनमुक्ति अभियान चलाया, जिससे लाखों लोगों का जीवन बदला। उन्होंने दलित, आदिवासी और वंचित समुदायों को आत्मगौरव, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया । उन्होंने जातिवाद, अंधविश्वास और भेदभाव के विरुद्ध जनजागृति फैलाई और ग्राम स्तरीय सभा-संवादों के माध्यम से लोगों को संगठित किया । उनकी शिक्षाएं आज भी युवाओं को नैतिकता, समानता और सेवा भाव की प्रेरणा देती हैं । अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि ऐसे युगपुरुष को पद्म भूषण सम्मान से मरणोपरांत सम्मानित किया जाए ।